तापमान

अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025



12 रेनोवेशन का कार्य धीमी गति के चलते बढ़ने लगी परेशानी





12 पटाखों से दूर रहकर ग्रीन दिवाली मनाएं: प्रदीप




## खबर संक्षेप

### बैंक में नकली जेवरात गिरवी रख हडपे 2.15 लाख रुपये

**जींद।** बैंक में नकली सोने के जेवरात गिरवी रख दो लाख 15 हजार रुपये लोन लेकर हड़पने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने बैंक के पूर्व मैनेजर समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर अजीत ने पुलिस को शिकायत दी है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**कैथल।** करनाल रोड पर बुधवार रात को ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार 62 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। यह बुजुर्ग शाम को बाजार में सामान लेने के बाद वापस घर लौट रहे थे, लेकिन घर से कुछ कदम की दूरी पर ही वह हादसे का शिकार हो गए। मृतक बुजुर्ग गांव सौंगल का निवासी और हाल फिलहाल डिफेंस कॉलोनी में रह रहा था।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा दिखा दो लाख रुपये का चूना

**जींद।** साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर एक व्यक्ति को लगभग दो लाख रुपये का चूना लगा दिया। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव झील निवासी रविश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 16 अगस्त को उसके व्हाट्सएप पर लिंक आया था।

### घर से सरसों का कट्टा चोरी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** चौकी भागल पुलिस ने घर से सरसों का कट्टा चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भागल निवासी बलदेव सिंह की शिकायत अनुसार वह खेती-बाड़ी का कार्य करता है। उसकी कम्बाइन पर पहले राजू निवासी पपराला काम करता था, जिसे पिछले वर्ष उसने कार्य से हटा दिया था।

### झांसा दे डेढ़ लाख हडपने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना सफीदों पुलिस ने अमेरिका भेजने को झांसा देकर डेढ़ लाख रुपये हड़पने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। मूलतः उरलाना कलां हाल सफीदों निवासी मेजर सिंह ने 31 दिसंबर 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह हरियाणा पुलिस में एएसआई के पद पर कार्यरत है। वह अपने बेटे सतनाम को अमेरिका भेजने का इच्छुक था।

### बिजली शिकायत निवारण फोरम की बैठक 13 को होगी

**कैथल।** उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक 13 अक्टूबर को यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगी। जिसकी अध्यक्षता उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम पंचकूला के अध्यक्ष योग राज करेंगे।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव जामनी से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जामनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात अक्टूबर को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई।

### तार चोरी मामले में कबाड़ी 3 दिन के रिमांड पर भेजा

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने खेतों से सबमर्सिबल ट्यूबवैल की तार चोरी के मामले में चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्योड़क निवासी नकुल की शिकायत अनुसार 28 अगस्त को जब वह अपने खेत में पहुंचा तो देखा कि कोठे का ताला टूटा हुआ था।

---

**रात 8.13 बजे होगा चांद का दीदार: महिलाओं ने जमकर खरीदारी की, मेहंदी लगाने वालों के पास लगी लाइनें**

# करवाचौथ पर्व को लेकर बाजार ग्राहकों से गुलजार

**सिद्धि योग, कृतिका नक्षत्र में आज रखा जाएगा करवाचौथ व्रत**

## पूजा का शुभ समय सुबह 5:16 से शाम 6:29 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

करवा चौथ का व्रत सुहागन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए करती हैं। करवाचौथ का व्रत हर वर्ष महिलाएं कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखती हैं और इस बार करवा चौथ का व्रत शुक्रवार को है। इस व्रत में भगवान शिव माता पार्वती और चंद्रमा का पूजन किया जाता है। इस बार करवा चौथ पर दो शुभ योग भी बन रहे हैं। पंचांग के अनुसार इस बार करवा चौथ पर्व पर सिद्धि योग, कृतिका नक्षत्र योग रहेगा। जोकि बेहद शुभ है। करवा चौथ पर चंद्रोदय का समय रात आठ बजकर 13 मिनट तक रहेगा वहीं पूजा करने का शुभ समय सुबह 5:16 बजे से शाम 6:29 बजे तक होगा। गुरूवार को भी बाजार में महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। मेहंदी लगाने वालों के यहां लाइनें लगी हुई थी। पंचांग के अनुसार इस बार करवा चौथ पर्व पर सिद्धि योग, कृतिका नक्षत्र योग रहेगा।



जींद। बाजार में मेहंदी लगवाती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### पत्नि का पति के प्रति समर्पण

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि करवा चौथ व्रत केवल एक पर्व ही नहीं बल्कि एक पत्नी का अपने पति के प्रति समर्पण और प्रेम का प्रतीक है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखमय दांपत्य जीवन के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन कुंवारी कन्याएं भी अच्छा वर पाने के लिए व्रत रखती हैं। यह व्रत सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। क्योंकि हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह एक निर्जला व्रत है। इस व्रत में महिलाएं अन्न एवं जल ग्रहण नहीं कर सकती। करवा चौथ का व्रत रात्रि में चंद्रमा के निकलने के बाद ही तोड़ा जाता है। इस दौरान चंद्रमा को जल चढ़ाया जाता है। करवा चौथ के पूजन के दौरान स्त्रियां छलनी से पति का चेहरा देखकर, पति के हाथ से भोजन ग्रहण करती हैं।

### करवा चौथ का व्रत एवं पूजा विधि

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि करवा चौथ का व्रत सभी व्रतों में कठिन माना गया है। करवा चौथ का व्रत निर्जला व्रत की श्रेणी में आता है। इस दिन सुहागिन स्त्रियां पूरे दिन अन्न और जल का त्याग कर शाम को 16 श्रृंगार करने के बाद, विधि-विधान के साथ भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिक की पूजा करती हैं। मान्यता है कि करवा चौथ का व्रत रखने से दांपत्य जीवन में खुशियां आती हैं। सुहागिन स्त्रियां, करवा चौथ का व्रत रखकर, अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। करवा चौथ का व्रत रात्रि में चंद्रमा के निकलने के बाद ही तोड़ा जाता है। इस दौरान चंद्रमा को जल चढ़ाया जाता है। करवा चौथ के पूजन के दौरान स्त्रियां छलनी से पति का चेहरा देखकर, पति के हाथ से भोजन ग्रहण करती हैं।

### दुकानदारों ने किया ज्यादा अतिक्रमण

मुख्य बाजार में दुकानदारों ने किया सबसे ज्यादा अतिक्रमण शहर के मुख्य बाजार में तो अतिक्रमण करने वालों ने हद कर दी है। बाजार में दुकानदारों ने अपने सामान को डिस्पले करने के लिए एक से दो फुट तक अतिक्रमण कर लिया है। शहर थाना के सामने, टाउन हाल की तरफ, तांगा चौक की तरफ व बाजार के अंदर हर जगह अतिक्रमण फैला है। जिस कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### शहर के चारों तरफ लगाए नाके

मुख्य बाजार में महिलाओं की ज्यादा आवाजाही व भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। शहर के जाने वाले रास्ते रानी तालाब की तरफ से, फव्वारा चौक की तरफ से, झांझ गेट की तरफ से, शहर थाना पुलिस के निकट से पुलिस ने बेरीगेट्स लगा दिए हैं। इसके अलावा पुलिसकर्मी लगातार बाजार में गश्त कर रहे हैं।

## सजने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी

**करवाचौथ पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह का माहौल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

आज शुक्रवार को मनाए जाने वाले सुहागिनों का पर्व कहे जाने वाले करवा चौथ पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। खरीदारी को लेकर बाजारों में महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं सूट साड़ी श्रृंगार सोना व चांदी के जेवरात को खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंच रही है। शहर के सरार्फा बाजार, रेलवे गेट, मेन बाजार, तलाई बाजार में दुकानों पर महिलाएं खरीदारी करते हुए नजर आ रही हैं। महिलाएं हाथों में मेहंदी लगवाने के लिए भी बुकिंग करवा रही हैं। बाजारों में करवा चौथ पर्व पर चांदी का करवा व मंगलसूत्र महिलाओं के लिए पहली पसंद बने हैं, जिन्हें सुहाग की निशानी माना जाता है।



कैथल। करवा चौथ के पर्व को लेकर बाजार में खरीदारी करती महिलाएं।

### महिलाएं करती हैं 16 श्रृंगार

महिलाओं के लिए यह पर्व बेहद खास होता है, जिसका वे बेसब्री से इंतजार करती है। पर्व को लेकर कई दिनों पहले ही तैयारी शुरू कर दी जाती है। यहां तक कि पर्व के दिन महिलाएं सिर से लेकर पांव तक महिला 16 श्रृंगार करती हैं, जिसमें बिंदी, सिंदूर, काजल, झुमके, मेंहदी, मंगलसूत्र, नत्थ, अंगूठी, कमरबंद, चूड़ियां, बाजूबंद, गजरा, मांग टीका, पायल, बिछिया और सूट आते हैं। हालांकि महिलाएं विशेष योजना के तहत खरीदारी में जुटी हैं। पर्व को लेकर बाजारों में दुकानदारों के चेहरे पर पर्व पर बढ़ रही बिक्री को लेकर रौनक नजर आ रही है।



### 10 हजार रुपये तक के पैकेज

पर्व को लेकर ब्यूटी पार्लर वालों पर सजने के लिए महिलाओं की भीड़ लगी हुई है। भीड़ को देखते ब्यूटी पार्लर संचालकों ने भी रेट बढ़ा दिए हैं। त्यौहार को देखते संचालकों ने भी 2 हजार से लेकर 10 हजार तक के पैकेज महिलाओं को दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही मेहंदी लगाने वालों के पास भी एडवांस बुकिंग हो रही है। मेहंदी लगाने वाले युवा मोनू ने बताया कि पर्व को लेकर महिलाएं मेहंदी लगवाने के लिए पहुंच रही हैं।

---

# बारिश से सोथा रोड की हालत खस्ता

**दोपहिया चालकों और स्कूल बच्चों के लिए बना खतरा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सीवन

बुधवार को हुई तेज बारिश के बाद नगर की प्रमुख मार्गों में से एक सोथा रोड की स्थिति गंभीर हो गई है। लंबे समय से टूटी-फूटी हालत में रहने वाली इस सड़क पर बरसात के पानी के जमाव और कीचड़ के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहले भी कई बार खुदाई करने के बावजूद मरम्मत कार्य अधूरा रहने से सड़क का ढांचा बिगड़ गया है और दोपहिया वाहन चालक वार-वार फिसलकर गिर रहे हैं।



**प्रभावित इलाके:** सोथा रोड सीवन नगर को सोथा, हरनोला, सैर, पहाड़पुर, जुनेदपुर एवं आसपास के अन्य गांवों से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इन गांवों के लिए यही एकमात्र रास्ता होने से सड़क की खस्ता हालत का असर व्यापक रूप से दिखाई दे रहा है, जो बच्चे स्कूल भेजते हैं या रोजाना इसी मार्ग से बाजार तथा कार्यस्थल आते-जाते हैं।

### मरम्मत की मांग उठाई

निजी वाहन चालकों और राहगीरों की भारी मुश्किल सड़क पर दर्जनों हिस्सों में कीचड़ और गड्ढे बनने से मोटरसाइकिल और पैदल यात्रियों को निरंतर जोखिम का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से तुरन्त, स्थायी एवं सुनियोजित मरम्मत की मांग की है ताकि बारिश के मौसम में भी यह मार्ग सुरक्षित रूप से चल सके। स्कूल प्रबंधन व ग्रामीणों ने तत्काल पानी निकासी की व्यवस्था करने और सड़क मरम्मत की माँग की है, ताकि छात्रों, अध्यापकों व आम जनता का जीवन-यात्रा सुरक्षित रहे।

# धान न बिकने से खफा किसानों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राजौंद

असंध रोड पर अनाज मंडी के सामने किसानों ने धान की फसल न बिकने को लेकर जाम लगा दिया। इस दौरान जाम में किसान नेता होशियार सिंह गिल भी शामिल रहे। मौके पर राजौंद थाना प्रभारी राजकुमार व हैफेड के प्रबंध निरीक्षक सुधीर कुमार ने किसानों को समझा बूझकर जाम खुलवाया। किसानों ने जाम खोलते हुए चेतावनी दी अगर धान की खरीद सहीं नहीं हुई तो वह फिर से जाम लगाने को मजबूर होंगे। इस दौरान वाहनों की लंबी लाइन लग गई। जिसे राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।





राजौंद। अनाज मंडी राजौंद के सामने जाम लगाते किसान। फोटो :हरिभूमि

### वाहन चालक परेशान

लगभग 1 घंटे तक लगे जाम में वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी। इस ग दौरान किसानों ने कहा कि वह पिछले एक सप्ताह से अनाज मंडी में धान लिए बैठे हैं, लेकिन धान में नमी बताकर खरीद नहीं की जा रही। किसानों ने कहा कि धान की फसल के साथ-साथ गेहूं की बिजाई के लिए भी उन्हें परेशानी हो सकती है। अगर धान की फसल जल्दी नहीं बिकती तो गेहूं की फसल की कैसे बिजाई की जाएगी। इसे लेकर वह बार-बार मंडियों में बैठने को मजबूर हो रहे हैं।जबकि फसल पूरी तरह तैयार हो चुकी है। मौके पर पहुंचे थाना पर राजकुमार ने भी किसानों को समझाया और बाद में हैफेड निरिक्षक संदीप कुमार ने किसानों से कहा की मंडी में पड़ी धान की फसल खरीद ली जाएगी। किसानों को कोई भी परेशानी नहीं आने दि जाएगी।

### जिला युवा महोत्सव 27 व 28 अक्टूबर को होगा

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि 27 व 28 अक्टूबर को प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी कॉलेज जींद में जिला महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने प्रभिशाली युवाओं को आह्वान किया कि वे बढ़चढ़ कर महोत्सव में हिस्सा लें। जिसके लिए 24 अक्टूबर तक अपने ब्लॉक में स्थित किसी भी सरकारी आईटीआई में अपना पंजीकरण करवा सकते है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने यह जानकारी जिला युवा महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर अपने कार्यालय में वीरवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक के दौरान दी। कहा कि युवा महोत्सव में 15 से 29 वर्ष तक की आयु का वह युवा भाग ले सकता है जो जींद का मूल निवासी हो या जिला के किसी शिक्षण संस्थान में पढ़ता हो। बैठक में राजकीय आईटीआई शिक्षण संस्थान जींद के प्रधानाचार्य नरेश कुमार, प्रैक्टिकल कॉलेज नरवाना के प्रधानाचार्य जसवंत आदि मौजूद रहे।

# कार रेंटल के नाम पर 36 लाख की ठगी करने वाले गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

- आरोपितों के कब्जे से कई लग्जरी गाड़ियां बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

कार रेंटल के नाम पर लोगों से 36 लाख रुपये ठगी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगी की राशि में से नगद रुपये, कई लग्जरी वाहन, जाली दस्तावेज, कंप्यूटर और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गुरूवार को जानकारी देते हुए सिविल लाइन पुलिस प्रभारी पूजा ने बताया कि तीन सितंबर को जवाहर नगर निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह रॉयल कार रेंटल के नाम से कार रेंटल का कार्य करता है। उसकी पांच गाड़ियों को हिसार निवासी पुनीत किराये पर लेकर चंडीगढ़ व अन्य स्थानों पर काम बताकर ले गया था। बाद में उन्होंने इन सभी गाड़ियों को जाली दस्तावेज तैयार कर गिरवी रख कर तथा बेचकर 36 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में पुलिस ने पुनीत समेत अन्य आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

### पूछताछ में खुलासा

इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते उप निरीक्षक सचिन के नेतृत्व में आरोपी पुनीत को थाना सांपला जिला रोहतक से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपने अन्य साथियों के नाम बता दिए। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हिसार, भिवानी, रोहतक और चंडीगढ़ में छापेमारी कर हिसार निवासी तनिष्क, धर्मेंद्र उर्फ सूखा, भिवानी निवासी सतीश कुमार उर्फ सुंदर, सरोज उर्फ सुमन तरड़ को काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर दो लग्जरी गाड़ी, 20 हजार रुपये, एक लेपटॉप, सीपीयू, कीबोर्ड, माउस, प्रिंटर, तीन मोबाइल फोन, जाली आरसी, आधार कार्ड, पेन कार्ड, स्टाम्प पेपर, बैंक चैक, ई स्टाम्प दस्तावेज, कई इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल साक्ष्य पेन ड्राइव, चैट प्रिंटआउट, स्क्रीनशॉट आदिको भी कब्जे में लिया है।

### कलायत-बात्ता में अवैध कालोनियों में तोड़फोड़

**कैथल।** जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से राजस्व संपदा कलायत व बात्ता में पनप रही अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। अवैध कालोनियों में कार्यवाही एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधान अनुसार की गई। इस कार्रवाई के दौरान बिजली विभाग के एसडीओ अंकित कुमार बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि राजस्व संपदा कलायत व बात्ता में दो-दो एकड़ में अवैध कॉलोनियां पनपने का मामला संज्ञान में आया था। जिसके बाद कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके अवैध कालोनियों को रोकने के आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कालोनी के निर्माण कार्य को रोका गया और न ही अनुमति के लिए आवेदन किया। डीटीपी का अमला पुलिस बल संबंधित कालोनियों में पहुंचा और वहां पर बनी मिट्टी की सड़कों डीपीसी को शुरुआती चरण में तोड़ा गया।



जींद। अवैध निर्माणों को जेसीबी की सहायता से गिराते अमला।

### अवैध निर्माण को गिराया

**जींद।** जिला नगर योजनाकार अमले ने गुरूवार को गांव गोबिंदपुरा के निकट विकसित की जा रही अवैध कालोनी में निर्माणों को जेसीबी की सहायता से गिरा दिया। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तथा ड्यूटी मैजिस्टेट तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार ने साफ चेताया कि अवैध रूप से अतिक्रमणों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया को सूचना मिली थी कि गांव गोबिंदपुरा के निकट लोगों ने विभाग की बगैर अनुमति लिए कृषि योग्य जमीन पर अवैध कालोनी काटी हुई है। यहां प्लाटों के रूप में नींव भरी हुई है। अवैध निर्माणों को लेकर जिला नगर योजनाकार ने निर्माण करने वाले लोगों को नोटिस भी जारी किए और अवैध रूप से किए गए निर्माणों को हटाने के बारे में कहा। बावजूद इसके अवैध निर्माण करने वाले लोगों ने अपने निर्माणों को नहीं हटाया। गुरूवार को जिला नगर योजनाकार अमला पुलिस बल के साथ जेसीबी लेकर गांव गोबिंदपुरा के निकट पहुंचा और लगभग दस एकड़ में दस डीपीसी, तीन स्ट्रक्चर, रोड नेटवर्क को जेसीबी मशीन की सहायता से ढहा दिया।

---

**परेशानी** **सरकारी बैंकों का सिस्टम अपडेट न होने से उपभोक्ताओं को उठानी पड़ रही परेशानी**

# चेक क्लीयरेंस सिस्टम के चलते कैथल में करीब 30 करोड़ रुपये का लेनदेन प्रभावित

**चेक लगाने के 24 घंटे में खाते में रुपए जमा होने का नया नियम लागू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

आरबीआई के चेक का भुगतान एक दिन में होने वाला नया नियम के कारण कैथल व आसपास के हजारों व्यक्तियों के करोड़ों के लेनदेन प्रभावित होकर रह गए हैं। कारण सरकारी बैंकों का साफ्टवेयर अपडेट न होना बताया जा रहा है। इस कारण चेक को क्लीयर होने के लिए पुरानी तर्ज पर करीब तीन से चार दिन का समय लगाया जा रहा है। यही नहीं इस कारण बैंकों द्वारा करोडों के चेक टैक्नीकल कमी बताते हुए वापस लौटा दिए हैं। बता दें कि आरबीआई द्वारा 4 अक्टूबर से चेक से रुपए निकलवाने के नियम में बदलाव करते हुए चेक लगाने के 24 घंटे में खाते में रुपये जमा होने का नया नियम लागू किया है।



### आरबीआई का आदेश

कार्यकारी एलडीएम अनिल रहेजा ने बताया कि आरबीआई द्वारा 4 अक्टूबर से चैक क्लीयरेंस का एक दिन का समय तय किया है। कई सरकारी बैंकों की ओर से सॉफ्टवेयर अपडेट करने का काम पूरा न होने के कारण कुछ उपभोक्ताओं को चैक क्लीयरेंस को लेकर परेशानी उठानी पड रही है। वे जल्द ही इसे लेकर बैंक मुख्यालय के अधिकारियों से बातचीत कर हल निकालेंगे।

### अभी पोर्टल में कुछ खामी

कैथल नरेश कुमार ने बताया कि उनका एक्सिज बैंक में खाता है। वे अपना क्लीयर होने के के लिए चैक लगाया था जो यूबीआई द्वारा संबंधित खाते में राशि होने के बावजूद रिटर्न कर दिया। बैंक कर्मियों ने कहा कि अभी पोर्टल में कुछ खामी है। इस कारण उन्हें हजारों का नुकसान हुआ है। यह नया नियम इस समय निजी बैंकों में तो लागू हो चुका है, लेकिन सरकारी बैंकों का सॉफ्टवेयर अपडेट न होने के कारण इन बैंकों में चैक से भुगतान पुराने नियमों के तहत तीन से चार दिन में हो रहा है। गौरतलब है कि सरकारी बैंक की जिला मुख्यालय की मुख्य ब्रांच में रोजाना 30 से 40 चैक आते हैं। जबकि उपमंडल व खंड स्तर पर एक बैंक में रोजाना 10 से 12 चैक आते हैं।

### खामियाजा उठाना पड़ रहा

पंजाब नेशनल बैंक की मुख्य ब्रांच में चैक लगवाने के लिए पहुंचे अशोक ने बताया कि वह पिछले दो दिन से बैंक में चैक लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। पहले दिन तो बैंक कर्मियों ने चैक ले लिया, लेकिन यह लगा नहीं पाए। बैंक की कमी का खामियाजा उन्हें पेनलटी के रूप में उठाना पड रहा है।

### सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं

नए कानून के अनुसार चैक क्लीयरेंस की प्रक्रिया आसान की बजाय जटिल हो गई है। सॉफ्टवेयर अपडेट न होने के कारण पिछले छह दन में जिले में करीब 30 करोड का लेन-देन प्रभावित हुए है। इसमें चैक लगाने को लेकर आरबीआई की नई प्रणाली लागू होने के बाद रुपए खाते में पहुंचने में विलंब हुआ है। इस पर बैंक अधिकारियों का कहना है कि यह समस्या मुख्यालय स्तर पर ही सॉफ्टवेयर अपडेट न होने के कारण हो रही है। अभी बैंक के आला अधिकारियों की ओर से सॉफ्टवेयर अपडेट करने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसलिए समय लगेगा।

### संदिग्ध हालात में व्यक्ति ने फंदा लगाकर दी जान

**जींद।** गांव खरकबूरा में बीती रात व्यक्ति ने खेत में जाकर अमरूद के पेड़ पर फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक का मानसिक रूप से परेशान बताया है। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। गांव खरकबूरा निवासी रामेहर (50) ने बीती देर शाम अपने खेत में अमरूद के पेड़ से फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों को घटना का उस समय पता चला जब राममेहर घर वापस नही लौटा। परिजन तलाशते हुए खेत में पहुंचे और आवाज देने पर कोई जवाब नही मिला। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा ले शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि मृतक काफी दिनो से परेशान चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### वेयर हाउस से लोहा चोरी का मामला दर्ज

**जींद।** गांव लोन में वेयर हाउस से लोहा तथा रिंग गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोन निवासी संजीव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में वेयर हाउस गोदाम बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने गोदाम से चार क्विंटल सरिया तथा लोहे के रिंग चोरी कर लिया।

### मारपीट करने पर एक के खिलाफ शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव अमरावलीखेड़ा में रंजिशन मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अमरावली खेड़ा निवासी राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही कुलदीप से कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते कुलदीप ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### मन की शुद्धि के लिए स्वाध्याय बहुत जरूरी

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को शुद्ध रखने के लिए हमें नियमित स्नान करना पड़ता है, कपड़ों को धोना, बर्तनों को साफ करना, घर को लीपना, पोतना, बुहारना पड़ता है। इसी प्रकार मानसिक शुद्धि के लिए प्रतिदिन सत्संग स्वाध्याय भी बहुत जरूरी है। सत्संग स्वाध्याय के अभाव में नूतन ज्ञान तो कहां पूर्व ज्ञान भी नष्ट होने लगता है।

### प्राचार्या डा. पूनम को मिली प्रधान पद पर जिम्मेदारी

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद में युवा एवं सांस्कृतिक विभाग की कल्चरल काउंसिल की वार्षिक मीटिंग में सर्वसम्मति से हिंदू कन्या कालेज की प्राचार्या डा. पूनम मोर को कल्चरल काउंसिल में प्रधान पद पर नियुक्त किया गया। प्राचार्या पूनम मोर शैक्षणिक के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सकारात्मक रुझान रखती हैं।

### राजेश कौशिक बने पॉवर ऑफ यूथ के जिलाध्यक्ष

**उचाना।** दी पॉवर ऑफ यूथ संगठन की मीटिंग शहर के नरवाना बाइपास पर हुई। मीटिंग संगठन के राष्ट्रीयध्यक्ष दिनेश की अध्यक्षता में हुई। सर्वसम्मति से राजेश कौशिक को जींद का जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया। कौशिक ने कहा कि युवा देश की प्रगति में योगदान दें। क्योंकि किसी भी देश की तरक्की में युवाओं का योगदान अहम होता है। संगठन का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को संगठन के साथ जोड़ कर राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित करना है।

### सद्भाव यात्रा प्रदेश की राजनीति में करेगी बड़ा बदलाव: सुरेंद्र

**उचाना।** उचाना मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता सुरेंद्र गर्ग ने कहा कि कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह पूरे प्रदेश में सद्भाव का संदेश देने के लिए सदभाव पैदल यात्रा लेकर निकले हैं। अब तक नरवाना, कलायत हलके के बाद सफीदों हलके में यात्रा पहुंची है। कांग्रेस के बड़े नेता इस यात्रा में शामिल हुए है। इस यात्रा से जो प्रदेश का भाईचारा भाजपा ने खराब करने की कोशिश की है उसको दोबारा से कायम किया जाएगा।

### रंगोली, मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता आयोजित

**उचाना।** शिरडी साईं स्कूल डोहाना खेड़ा में रंगोली, मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता आयोजित हुई। ग्रुप कक्षा 3 से 5वीं तक में प्रथम स्थान मानवी, द्वितीय स्थान परी एवं तृतीय स्थान पर खुशी रही। छठी से आठवीं तक में मानसी एवं तमन्ना प्रथम, अंशिता एवं अन्नू द्वितीय, प्रीति एवं खुशबू तृतीय रही।

### समाधान शिविर में आई पांच समस्याओं का हल

**उचाना।** उपमंडल कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में समाधान शिविर के तहत एसडीएम दलजीत सिंह ने जन समस्याओं को सुना। यहां पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। पांच समस्याएं समाधान शिविर में आई। जिनका तुरंत प्रभाव से समाधान किया। एसडीएम ने कहा कि शिविर में आने वाली समस्याओं को समाधान साथ-साथ में किया जाता है।

## टीबी वार्ड में एक्सरे के दौरान संक्रमण फैलने का खतरा

# रेनोवेशन का कार्य धीमी गति के चलते बढ़ने लगी परेशानी

### एक्सरे विभाग में रेनोवेशन का कार्य चलने से अब टीबी वार्ड में होंगे एक्सरे

**अबतक इमरजेंसी भी पूरी तरह से शुरू नही हो पाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में चल रहे रेनोवेशन कार्य की धीमी गति अब मरीजों के लिए परेशानी का सबब बनती ता हरी है। अबतक इमरजेंसी भी पूरी तरह से शुरू नही हो पाई है। वहीं अब रेनोवेशन का कार्य एक्सरे विभाग में पहुंच गया है। जिसके चलते व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। आमजन को एक्सरे को लेकर परेशानी न हो, इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने फैसला किया है कि कार्य पूरा होने तक एक्सरे सुविधा को टीबी वार्ड में स्थानांतरित रहेगी।

इस दौरान केवल मेडिको लीगल रिपोर्ट (एमएलआर), ट्रॉमा केस और अत्यंत आवश्यक मामलों के एक्सरे को ही नई बिल्डिंग के एक्सरे विभाग में प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं सामान्य मरीजों को टीबी वार्ड में एक्सरे के लिए भेजा जाएगा। नागरिक अस्पताल में चल रहे रेनोवेशन कार्य की धीमी गति अब मरीजों के लिए परेशानी का सबब बनती ता हरी है। अबतक इमरजेंसी भी पूरी तरह से शुरू नही हो पाई है। वहीं अब रेनोवेशन का कार्य एक्सरे विभाग में पहुंच गया है।



नई बिल्डिंग का एक्सरे रूम, जहां रेनोवेशन के चलते एमरजेंसी एक्सरे किए जा रहे।

#### आमजन को परेशानी न हो

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि रेनोवेशन कार्य मरीजों की बेहतर सुविधा के लिए किया जा रहा है। एमरजेंसी वार्ड में कार्य अंतिम चरण में है और एक्सरे रूम के कार्य को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। फिलहाल आमजन को परेशानी न हो, इसके लिए टीबी वार्ड में एक्सरे करवाए जाने का निर्णय लिया गया है। मरीजों को किसी तरह की परेशानी नही आने दी जाएगी।

#### संक्रमण फैलने का खतरा

नागरिक अस्पताल के नए भवन में चल रहे एक्सरे मशीन रूम के रेनोवेशन के कारण टीबी वार्ड में चल रही मशीन विकल्प बनी है। मरीजों को होने वाली परेशानी से छुटकार दिलवाने के लिए टीबी वार्ड में चल रही एक्सरे मशीन से एक्सरे करवाए जा रहे हैं लेकिन यहां संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। क्योंकि यहां टीबी रोगियों की जांच होती है और उन्हें दवा भी दी जाती है। ऐसे में एक्सरे करवाने आने वाले मरीजों को यहां इंतजार भी करना पड़ता है। जिसके चलते मरीज मजबूरीवश यहां एक्सरे करवा रहे हैं। अस्पताल में प्रतिदिन 1800 से दो हजार के बीच बीच ओपीडी होती है। इनमें लड़ाई झगड़े, सड़क दुर्घटनाओं व अन्य मरीजों की जांच के प्रतिदिन लगभग 180 एक्सरे होते हैं।

#### जल्द काम पूरा हो

जल्द से जल्द रेनोवेशन का कार्य पूरा कर मरीजों को दी जाएं सुविधाएं: रेनोवेशन कार्य की धीमी प्रगति पर मरीजों और उनके परिजनों ने नाराजगी जताई है। मरीज राजेश, कमला का कहना है कि अस्पताल में पहले ही सुविधाओं की कमी है और अब रेनोवेशन के नाम पर परेशानी बढ़ रही है। अबतक एमरजेंसी भी शुरू नही हो पाई है और पिछले एक माह से खुले में ही एमरजेंसी चल रही है।

# रोटरी क्लब के जिला प्रधान बने अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

रोटरी क्लब जींद मिडटाउन द्वारा वर्ष 2027-28 के लिए प्रधान, सचिव व कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ सदस्य आरके जैन एडवोकेट, सुरेश गर्ग एडवोकेट, आरएस सिंघवानी, मायाराम देवली, डा. नवीन गुप्ता, डा. बनीष गुप्ता, सतपाल जैन, अभय सिंगल, सीपी मलिक, संस्था प्रधान तरुण जैन, सचिव अशोक शर्मा, सुनील गर्ग एसडीओ इत्यादि 35 से 40 सदस्यों की देखरेख में सर्वसम्मति से प्रधान पद के लिए वर्तमान सचिव अशोक को प्रधान व सुनील को सचिव पद के लिए के लिए नामित किया गया।


जींद। अशोक शर्मा को बधाई देते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### संस्था के लिए काम करेंगे

वरिष्ठ सदस्य आरके जैन ने बताया कि यह संस्था विश्व की सबसे बड़ी संस्था है जो सामाजिक कार्यों के लिए हर समय और हर क्षेत्र में प्रयासरत है। जिसका विजन अति दूरदर्शी है जो की अगले दो सालों के लिए अपने कार्यकारिणी को पहले ही नामित करके रखती है। इस अवसर पर नामित प्रधान अशोक शर्मा ने आश्वासन दिलाया कि संस्था की गरिमा को बनाए ही नहीं रखेंगे उसको और भी ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। जिसमें मुख्य रूप से संस्था का मुख्य ध्येय पोलियो मुक्त भारत, सर्वाइकल कैंसर को जड़ से खत्म करना, देश को नशा मुक्ति बनाना और देश को आत्मनिर्भर बनाना है। जिसमें की सुई से लेकर एयरप्लेन तक भारत निर्मित हो। उन्होंने आगे बताया कि संस्था द्वारा सदस्यों व अन्य सामाजिक लोगों द्वारा जो भी सराहनीय कार्य किए गए हैं, उनके लिए आगामी 12 अक्टूबर को संस्था द्वारा दिवाली सेलिब्रेशन भी किया गया है। इसमें उनको उपहार भेंट करके सम्मानित किया जाएगा।



उचाना। पीएम श्री लोधर स्कूल के विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### कराटे में जीते आठ पदक

**उचाना।** कैथल में प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताए स्कूल पहुंचने पर स्वागतउचाना पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल लोधर के खिलाडियों ने 58वीं हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में कराटे में आठ कांस्य पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में आयोजित की थी जिसमें 1300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्कूल के आठ खिलाडियों ने विभिन्न आयु और भार वर्गों में ये पदक हासिल किए। अंडर 14 आयु वर्ग में आरजू ने 18 किलोग्राम, उज्ज्वल ने 22 किलोग्राम और शिवम ने 20 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीते। अंडर 17 आयु वर्ग में अन्नू ने 36 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर 19 आयु वर्ग में निक्की ने 32 किलोग्राम, मीनाक्षी ने 36 किलोग्राम, काजल ने 60 किलोग्राम और खुशबू ने 64 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीते। कोच मुनीत बेरवाल ने बताया कि इन उपलब्धियों से पहले सात से नौ सितंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भी स्कूल के खिलाड़ी लविश ने कांस्य पदक जीता था।

### सिविल सर्जन कार्यालय पर रोष प्रदर्शन छह को

**जींद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के तहत कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों के समाधान न होने पर बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा ने राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू की मूलभूत मांगे पूरी न कर उनका आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया जा रहा है। सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन के बावजूद मांगों पर कोई कार्यवाही न होने से कर्मचारी वर्ग में भारी नाराजगी है। एसोसिएशन के राज्य प्रवक्ता संदीप कुंडू ने बताया कि यदि विभाग द्वारा छह नवंबर 2025 तक इन मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेशभर में सभी जिला सिविल सर्जन कार्यालयों पर रोष प्रदर्शन करते हुए सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### विचार गोष्ठी का किया आयोजन

**जींद।** आल सफाई कामगार संघर्ष समिति जींद की ओर से वीरवार को नेहरू पार्क में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी संयुक्त अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान गुलाब बिरौली और नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान जगदीश ने की। जबकि संचालन ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव पवन कुमार ने किया। इस विचार गोष्ठ कार्यक्रम में ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य अध्यक्ष बसाऊ राम, सोहनदास, सीटू जिला प्रधान रमेश चंद्र, सर्व कर्मचारी संघ के जींद ब्लॉक प्रधान मंदीप नेहरा, कर्मचारी नेता रामबीर शर्मा, नगर पालिका कर्मचारी संघ ब्लॉक जींद के उपप्रधान सोहनलाल ने संबोधित किया। वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज को समानता, श्रम की गरिमा और न्याय का संदेश दिया। सफाई कर्मचारी वर्ग आज भी उन्हीं मूल्यों पर चलते हुए समाज की सेवा में निरंतर समर्पित है लेकिन दुख की बात है कि उनकी मेहनत और त्याग का उचित मूल्य आज तक नहीं मिला।


जींद। विचार गोष्ठी में भाग लेते समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि



जींद। मीटिंग में मौजूद संघ पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षा मंत्री के आवास पर प्रदर्शन का आह्वान

**जींद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की अक्षर भवन जींद में मीटिंग का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला प्रधान हैप्पी मोर की। मीटिंग में अध्यापकों के ट्रांसफर पर सरकार के ढुल.मुल रवैया की आलोचना की गई। इसलिए आठ नवंबर को शिक्षा मंत्री के आवास पर जोरदार प्रदर्शन का आह्वान किया। मीटिंग में 12 अक्टूबर को होने वाले सर्व कर्मचारी संघ के जिला सम्मेलन पर भी चर्चा की गई। एक मजबूत एवं जुझारू टीम बनाने पर जोर दिया गया। स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर 31 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। अध्यापकों के विभिन्न प्रकार के कार्य जैसे एसीपी, एटीसी, मेडिकल बिल इत्यादि में कोताही बरतने पर अधिकारियों से बातचीत पर चर्चा हुई। संघ के जिला सचिव का पद खाली होने की स्थिति में मामराज को सचिव का कार्यभार सौंपा गया। राज्य कोषाध्यक्ष संजीव सिंगला ने सरकार से आह्वान किया कि जल्दी से जल्दी रेशनलाइजेशन का काम पूरा कर अध्यापकों के तबादले किए जाएं।

### प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में वीरवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्रों ने कलात्मक डिजाइन में मेहंदी को विभिन्न प्रकार से सजाकर कला का परिचय दिया। प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने छात्र व छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थी ने बच्चों को बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता के अनेक लाभ हैं। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा को निखारने का एक उत्कृष्ट माध्यम है। मेहंदी लगाने से एकाग्रता, धैर्य और सौंदर्यबोध का विकास होता है। साथ ही यह हमारी भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़ाव को भी मजबूत करती है। प्रतियोगिता में भाग लेने से आत्मविश्वास बढ़ता है और सामाजिक मेलजोल की भावना विकसित होती है। छठी कक्षा से दीपांशी व आराध्या, सातवीं कक्षा से अंजली, आठवीं कक्षा से वेदिका, नौवीं कक्षा से यशिका, दसवीं कक्षा से रितिका, 11वीं कक्षा से कीर्ति तथा 12वीं कक्षा से रिद्धिमा व वेदिका ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सभी छात्राओं को अच्छी व उत्कृष्ट मेहंदी प्रदर्शन के लिए विद्यार्थी ने को सम्मानित किया।


जींद। छात्राएं लगाई गई मेहंदी को दिखाते हुए। फोटो :हरिभूमि


प्रतियोगिता के दौरान हाथों पर लगाई सुंदर मेहंदी दिखाती हुई छात्राएं।

### मेहंदी प्रतियोगिता में 35 छात्राओं ने लिया भाग

**नरवाना।** महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में केएम राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने किया। प्रतियोगिता की संयोजक डॉ मीना रही। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में कमलजीत प्रोमिला उषा शर्मा एवं पूजा गुप्ता उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में कुल 35 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए तृतीय वर्ष ;गणित ऑनर्सद्ध की विभाग द्वितीय स्थान एमए ;राजनीति विज्ञान की सिमरन तथा तृतीय स्थान बीबीए प्रथम वर्ष की माफी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी महिला स्टाफ सदस्य उपस्थित रहीं। महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में सृजनात्मकता एवं पारंपरिक कला के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना रहा।


विधायक देवेंद्र चतरभुज से मुलाकात करते मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।

### आईएमटी बनने से तेज होगा विकास

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने अपने पहले साल में निरंतर हलके के लोगों से जुड़े मुद्दों को विधानसभा में उठाने का काम किया। पहला साल उचाना हलके के लिए विधायक का बेमिशाल रहा है। उचाना हलके में अनेकों विकास के कामों की शुरूआत हुई है। मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरभूरा ने कहा कि उचाना में सरकारी कॉलेज पार्क बनाने की मांग के साथ.साथ हर खेत को पानी मिले इसको लेकर ढाकल हैड से रजबाहा, युवाओं को रोजगार मिले इसको लेकर उद्योग इकाई स्थापित करने की मांग विधानसभा में उठाने का काम किया। उचाना में विकास की रफ्तार बढ़े इसको लेकर आईएमटी को मंजूरी दिलाने का काम किया। आईएमटी बनने के बाद विकास तेज होगा तो रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। किसानों को उनकी जमीनों के महंगे भाव मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अब से पहले जो विधायक बनते थे वो लोगों से मिलने तक नहीं आते थे। बड़े नाम होने के चलते उनसे मिलने के लिए दिल्लीए चंडीगढ़ हजारों रुपये खर्च करके मिलने जाता पड़ता था। वहां जाकर मिलने के लिए लाइनों में लगना पड़ता था।

# पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान लगातार समाज का बन रहा हिस्सा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ, जीवन बचाओ अभियान के तहत बुधवार को एडवोकेट नेहा धवन, प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी हरियाणा एवं राष्ट्रीय सलाहकार सदस्य, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार को पौधा भेंट कर अभियान को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट नेहा धवन ने कहा कि आशुतोष शर्मा द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए बल्कि समाज की जागरूकता के लिए भी एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ, जीवन बचाओ जैसा अभियान आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। आशुतोष शर्मा पर्यावरण और समाज, दोनों के हित में अत्यंत प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं। अभियान से जुड़े सदस्यों ने बताया कि यह पौधारोपण एवं पौधा वितरण अभियान समाज के सहयोग से निरंतर जारी रहेगा ताकि हरियाणा को हरियाली और स्वच्छता की दिशा में और आगे बढ़ाया जा सके।


जींद। नेहा धवन को पौधा भेंट करते हुए।


जींद। नागरिक अस्पताल बिल्डिंग की जर्जर व्यवस्था। फोटो :हरिभूमि

### माकपा 15 को करेगी प्रदर्शन

**जींद।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला केंद्र की एक बैठक रमेश चंद्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश चंद्र, फूल सिंह श्योकंद के अलावा मजदूर नेता संदीप जाजवान ने भाग लिया। बैठक में कपूर अहिरका ने कहा कि नागरिक अस्पताल में किए जा रहे रेनोवेशन में हो रही लूट की पोल दो दिन पहले हुई बरसात में फिर से खुल गई। पार्टी 15 अक्टूबर को इसकी जांच की मांग व शहर में पीने के साफ पानी, आवास, आवारा पशुओं व बंदरों पर रोक, अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं आदि सवालों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी। बैठक के बाद पार्टी जिला सचिव कपूर अहिरका ने बताया कि आरएसएस, भाजपा ने देश में सांप्रदायिक प्रचार करके हालात इतने खराब कर दिये है कि आज इनके जहरीले प्रचार के कारण एक वकील ने सीजेआई पर हमला कर दिया। इस हमले की निंदा करते हुए हमला करने वाले आरोपी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। हरियाणा राज्य के हालात की भी सीनियर आईपीएस अधिकारी के सुसाइड ने खोल दी है।


जींद। रचाई गई मेहंदी दिखाते स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### मेहंदी प्रतियोगिता में कामना प्रथम

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में करवा चौथ के पावन अवसर पर एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतियोगिता में कामना ने प्रथम राखी ने द्वितीय व कुसुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को बढ़ावा देना तथा छात्राओं की सृजनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। प्राचार्य ने महिला प्रकोष्ठ की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल कला को प्रोत्साहित करते हैं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी जीवित रखते हैं। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. प्रेम पूनम ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मेहंदी का अपना विशेष महत्व है। हर शुभ कार्य व त्योहार पर मेहंदी अनिवार्य मानी जाती है। करवा चौथ के पावन अवसर पर इसी परंपरा को निभाते हुए पहली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## वेदांता किड्स में दीया मेकिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

# पटाखों से दूर रहकर ग्रीन दिवाली मनाएं: प्रदीप

- पर्व को पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ मनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल बसंत विहार में दीपों के पर्व दीपावली के अवसर पर दीया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण रंग.बिरंगी सजावट दीपों की रोशनी और उत्साह से जगमगा उठा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता कलात्मक प्रतिभा तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को विकसित करना था। प्रतियोगिता में कक्षा के जी 1 से 5 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छोटे बच्चों ने रंग.बिरंगे दीयों को रंग चमकी मोती और ग्लिटर से सजायाए वहीं बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना शक्ति का परिचय देते थीम बेस्ड डेकोरेशन जैसे रंगो ग्रीन दिवाली नो क्रैकर दिवाली इको फ्रेंडली डेकोरेशन आदि प्रस्तुत किए। बच्चों की रचनात्मकता देखकर सभी शिक्षक और अभिभावक अत्यंत प्रसन्न हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरैक्टर प्रदीप नैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं बल्कि सद्भाव स्वच्छता और सकारात्मकता का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे इस पर्व को पर्यावरण के प्रति जागरूकता के साथ मनाएं और पटाखों से दूर रहकर ग्रीन दिवाली का संदेश फैलाएं।


वेदांता किड्स स्कूल में प्रतियोगिता में अपने हाथों से दीये सजाते बच्चे।

#### विजेताओं को किया सम्मानित

सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए दीयों और सजावटों की प्रदर्शनी भी लगाई गईए जिसे सभी ने बहुत सराहा। निर्णायक मंडल में उपस्थित विद्यालय के डायरैक्टर प्रदीप नैन और प्राचार्य रश्मि जैन ने सृजनात्मकताए प्रस्तुति और स्वच्छता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। विजेताओं में केजी 1 से विपुलए केजी 2 से विराज और दैविकए पहली कक्षा से आरव काला और जानवीए दूसरी कक्षा से कनिष्कए तीसरी कक्षा से तनवीए चौथी और पांचवी कक्षा से जैस्मिन मन्नत और साव्या रहे। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों शिक्षकों और विद्यालय परिवार द्वारा एक साथ हैप्पी एंड सेफ दिवाली के नारे के साथ किया गया।

## खबर संक्षेप



### जलभराव से किसानों को भारी परेशानी

**पूंडरी।** अनाज मंडी पुंडरी में धान के सीजन के दौरान अव्यवस्था अपने चरम पर पहुंच चुकी है। मंडी के अंदर जगह-जगह कबाड़ के ढेर लगे हुए हैं, जिसके कारण किसानों और आढ़तियों दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पहले हुई बारिश ने स्थिति को और भी बदतर बना दिया है।बमंडी में कई जगहों पर पानी जमा हुआ है, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। किसानों ने बताया कि सड़क और प्लेटफॉर्म के साथ बनी नालियां कबाड़ और कचरे से भरी पड़ी हैं, जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। यही कारण है कि बारिश के बाद पूरी मंडी दलदल में तब्दील हो गई है। किसानों और आढ़तियों ने बताया कि इस समस्या के बारे में कई बार मार्केट कमेटी के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन संबंधित ठेकेदार सफाई कार्य में लापरवाही बरत रहा है।

### समन्वय को और अधिक मजबूत किया जाए

**कैथल।** बाल संरक्षण, पोक्सो मामलों में कार्रवाई एवं बच्चों से संबंधित एफआईआर प्रक्रिया की समीक्षा को लेकर हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीनू कुमारी एवं बाल कल्याण समिति कैथल के अध्यक्ष भीमसेन, प्रोटेक्शन ऑफ़िसर राजबीर सिंह ने पुलिस अधीक्षक उपासना से उनके कार्यालय में मुलाकात की। बैठक में मीनू कुमारी ने कहा कि बच्चों से संबंधित किसी भी मामले में जीरो एफआईआर दर्ज की जाए ताकि शीघ्र कार्यवाही और न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

पोक्सो मामलों में बाल पीड़ित को फार्म ए और बी में वर्णित आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि बच्चे को कानूनी एवं पुनर्वास संबंधी अधिकारों का पूरा लाभ मिल सके।

जिला बाल कल्याण समिति और डीसीपीयू एवं पुलिस विभाग के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत किया जाए। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए जाएंगे कि बाल संरक्षण से संबंधित किसी भी शिकायत पर बिना विलंब कार्रवाई करें व जिला बाल कल्याण समिति और डीसीपीयू को सूचित करें।

## आयुर्वेद की दृष्टि से व्रत रखना अति आवश्यक

# करवा चौथ का व्रत समर्पण भाव से रखें : श्याम सुंदर गौड़

**लगातार व्रत रखना भी शरीर के लिए हानिकारक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

हिंदू धर्म में कई वर्ष वह त्यौहार है। सभी का अपना-अपना स्थान और कारण है। व्रत का साधारण अर्थ है बरत आना अर्थात बांटना। महिलाओं के व्रत में दो ही व्रत विशेष कर माने गए हैं जिनमें करवा चौथ तथा अहोई का व्रत शामिल है। करवा चौथ पर सुहागन अपने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखती है। संगीताचार्य श्याम सुंदर गौड़ ने बताया कि इस पर मिट्टी अथवा पीतल या स्टील के करवे घरों में पूजनार्थ रखे जाते हैं। रात्रि में छलनी द्वारा चंद्रमा को देखकर अर्ध्य देकर व्रत खोला जाता है। व्रत रखने का भाव है पति को समर्पण भाव। उसके प्रति सद्भावना। सती, मदालसा, अनुसुइया, सावित्री, सीता, दयावती गुणों के कारण पतिव्रता कहलाई। आज भी उन्हें आदर भाव से याद किया जाता है। समय के साथ-साथ व्रत के ढंग भी बदल गए। न ही पहले जैसी पत्नी रही और नहीं पति। धन चाटना, फैशन होड़, दिखावा, विचारों में बदलाव सब कुछ बदल दिया है। अभी भी पत्नी पति सेवा आज्ञाकारिणी हैं लेकिन वे नाममात्र ही हैं। ऐसा बताया जाता है कि हिंदू शास्त्रों के अनुसार पति से विद्रोह करने वाली महिला नर्क में जाती है। विद्वानों को कहना है की व्रत को नियमानुसार ही रखना चाहिए। शांति व एकाग्रता अति आवश्यक है। करवा चौथ की कहानी सुहाग ने बड़ी ध्यान से श्रवण करती हैं तथा पुण्य अर्जित भी मनोकामना करती हैं। वैज्ञानिक और आयुर्वेद की दृष्टि से व्रत रखना अति आवश्यक माना गया है। इससे हमारे पेट की पाचन शक्ति बढ़ती है तथा जठर अग्नि भी तेज होती है।



**कैथल।** कालेज में मेहंदी प्रतियोगिता में अव्वल रही छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### मेहंदी प्रतियोगिता और बैंगल डेकोरेशन प्रतियोगिता करवाई

■ मेहंदी प्रतियोगिता में यशिका प्रथम

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय के संध्याकालीन सत्र की महिला प्रकोष्ठ द्वारा /"करवा चौथ /"के उपलक्ष में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता और बैंगल डेकोरेशन प्रतियोगिता करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ राजबीर पाराशर प्राचार्य आरकेएसडी महाविद्यालय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महाविद्यालय में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के विषय में अवगत कराने हेतु किए जाते हैं और उनमें आत्मनिर्भर बनाने का एक अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रभारी डा. हरिंदर गुप्ता ने महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा प्रो. रंजू निर्वानी और उनकी पूरी टीम को इस कार्यक्रम की बधाई देते हुए कहा कि, इस तरह के कार्यक्रम हम हर वर्ष करते हैं, जो कि विद्यार्थियों को आजीविका का साधन बनाकर आत्मनिर्भर बनाता है। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो. इला गुप्ता ने किया व निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ मीनू भूटानी, डॉ आशा, प्रो. नीतिका गाबा, डॉ.रितु चौधरी ने निभाई। मेहंदी प्रतियोगिता में यशिका सैनी प्रथम, यशिका रायका द्वितीय तथा भारती और भूमि संयुक्त रूप में तृतीय स्थान पर रही। बेंगल डेकोरेशन प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम ,सीरत द्वितीय तथा कोमल और भूमि संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही।

# स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

■ सीवन के कन्या स्कूल में स्वच्छता पेंटिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन



**सीवन।** कन्या स्कूल में बच्चों को संबोधित करती रेखा देवी फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका सचिव दीपक कुमार की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान के तहत पीएम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन में स्वच्छता पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता के महत्व को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के दौरान रेखा देवी ने विद्यार्थियों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करने के लिए प्रेरित किया तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 13 अक्टूबर 2025 को नगर पालिका सीवन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उत्तम माध्यम हैं। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता शपथ के साथ किया गया, जिसमें सभी ने नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी बलजीत सिंह, सुमित कुमार, भतेरी देवी, शिक्षिका वर्षा आदि मौजूद रहे।

## ऊर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता



**गुहला-चीका।** भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चीका में ऊर्जा संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों में ऊर्जा के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाना और उन्हें ऊर्जा-कुशल जीवनशैली की ओर प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में कक्षा अनुसार अलग-अलग श्रेणियों में 395 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने अपने रचनात्मक चित्रों के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, और पर्यावरणीय प्रभाव जैसे ज्वलंत मुद्दों को चित्रित किया। विद्यालय के इको क्लब प्रभारी लक्ष्मी नारायण ने इस पहल को सराहनीय बताया और कहा कि /"युवाओं को यदि आज से जागरूक किया जाए, तो कल का भविष्य ऊर्जा के मामले में सुरक्षित हो सकता है। इस अवसर पर सुनीता रानी और मनप्रीत कौर ने निर्णायक की भूमिका निभाई और छात्रों की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। फोटो :हरिभूमि

# किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें

■ यूनिवर्सिटी में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज : कैथल



पीएसआई सुभ्रांशु विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

थाना साइबर क्राइम कैथल द्वारा एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसएचओ थाना साइबर क्राइम पीएसआई शुभ्रांशु ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को संबोधित करते कहा कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी, बैंक फ्रॉड, फेक कॉल, लिंक के जरिए हैकिंग, सोशल मीडिया दुरुपयोग जैसे साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में जागरूकता ही इनसे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, बैंक डिटेल या निजी जानकारी शेयर न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें तथा सोशल मीडिया पर मजबूत पासवर्ड बनाकर रखें। यदि साइबर ठगी हो जाए तो घबराएं नहीं, तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या नजदीकी साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क करें। कार्यक्रम के दौरान वास्तविक केस स्टडी बताकर छात्रों को सावधानी बरतने के तरीके समझाए गए। साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले नए-नए

### थाना साइबर क्राइम टीम का आभार जताया

विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका समाधान मौके पर ही किया गया। एसएचओ ने कहा कि "जितना डिजिटल होंगे, उतना ही साइबर सतर्क रहना आवश्यक है। युवा पीढ़ी यदि जागरूक बनेगी तो पूरा समाज सुरक्षित रहेगा।" विश्वविद्यालय प्रशासन ने थाना साइबर क्राइम टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक हैं और भविष्य में भी इस प्रकार की जानकारियां दी जानी चाहिए। कैथल पुलिस द्वारा जिले के अन्य शैक्षणिक संस्थानों व ग्रामीण क्षेत्रों में भी आगामी दिनों में ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।

### प्रदेश की समस्याओं को लेकर की जा रही यात्रा

**राजौंद।** पूर्व सांसद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौ बीरेंद्र सिंह द्वारा सदभावना यात्रा के तहत रोहेड़ा गांव में चाय पान के कार्यक्रम के दौरान चौ बीरेंद्र सिंह ने यात्रा बारे बोलने से मना कर दिया। जबकि पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह ने बताया की सदभावना यात्रा का मकसद केवल प्रदेश की समस्याओं और सामाजिक संतुलन को बनाए रखने का प्रयास है। उन्होंने बताया की इनेलो को कांग्रेस की चिंता नहीं होनी चाहिए, कांग्रेस खुद सक्षम है।इनेलो द्वारा कांग्रेस की मददगार बताने पर बोलते हुए कहा की इनेलो को खुद अपने अंदर झांकना चाहिए कांग्रेस प्रमुख नेताओं द्वारा यात्रा में शामिल होने बारे बृजेन्द्र सिंह ने कहा की कुलदीप शर्मा व महिला अध्यक्ष एवं आदित्य सुरजेवाला सहित सभी मुख्य नेता है।

# डीएवी पब्लिक विद्यालय में वैदिक संस्कार प्रतियोगिता

■ पांचवीं से सातवीं तक के छात्रों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीवन

डीएवी पब्लिक स्कूल, सीवन में चल रहे वैदिक संस्कार पुण्य मास के अंतर्गत विद्यालय परिसर में वैदिक संस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से सातवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कारों का विकास करना और उन्हें वैदिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ना था।

### विकास के लिए कार्यरत

प्रधानाचार्या डॉ. मीना मेहता ने कहा कि वर्तमान समय में जहाँ विद्यार्थियों में पारंपरिक संस्कारों की कमी देखने को मिल रही है, वहीं ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से उनमें नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। डीएवी संस्था निरंतर विद्यार्थियों के बौद्धिक और चारित्रिक विकास के लिए कार्यरत हैं। यदि शिक्षा के साथ संस्कार न हों तो वह शिक्षा अधूरी रह जाती है। शिक्षा तभी फलदायी होती है जब उसमें नैतिकता और मानवीय मूल्यों का समावेश हो। आज के समाज में एकल परिवार की प्रवृत्ति के कारण बच्चों तक परंपरागत संस्कार पहुंच नहीं पा रहे, इसलिए विद्यालय की जिम्मेदारी है कि वह उन्हें हमारी वैदिक और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े।

# वेदपाल बने सेरधा पैक्स के प्रधान

■ पैक्स को डिजिटल व पारदर्शी ढंग से चलाया जाएगा : माजरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



पैक्स के नवचयनित पदाधिकारी इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा के साथ ।

ग्राम सेरधा स्थित प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पैक्स) के चुनाव में वेदपाल ढुल को सर्वसम्मति से प्रधान चुना है, जबकि उपप्रधान पद की जिम्मेदारी सुखचैन को सौंपी गई है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने दोनों पदाधिकारियों को फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई दी और पैक्स के विकास में सहयोग का भरोसा दिलाया। नवनिर्वाचित प्रधान वेदपाल ढुल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पैक्स गांव की आर्थिक रीढ़ है और इसका सशक्त होना किसानों की मजबूती से जुड़ा हुआ है। आने वाले दिनों में समिति को डिजिटल व पारदर्शी ढंग से चलाया जाएगा ताकि हर सदस्य को योजनाओं और ऋण सुविधाओं का पूरा लाभ मिल सके। इस अवसर पर वेदपाल ढुल ने इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामपाल माजरा का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से ही गांव के विकास कार्यों में तेजी आई है। जाट हाई स्कूल सोसाइटी के महासचिव एडवोकेट रश्मि आदि मौजूद रहे।

## एक लाख दो हजार बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवाः डॉ चावला

■ 12 से 14 अक्टूबर तक चलेगा अभियान, जिले में बनाए 604 बूथ

हरिभूमि न्यूज. कैथल

सिविल सर्जन डा रेणु चावला ने बताया कि जिला में 12 से 14 अक्टूबर तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिला कैथल में 604 बूथ लगाकर शून्य से पांच वर्ष तक के लगभग एक लाख दो हजार बच्चों को पोलियो रोधी दवाई पिलाई जानी है।

निदेशालय के हिदायत अनुसार इस अभियान के पहले दिन बूथ पर पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। वहीं दूसरे व तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीमें घर-घर जाकर छूट गए बच्चों की चेकिंग करेगी व पोलियो की खुराक पिलाएंगी। उन्होंने बताया कि अति संवेदनशील एरिया जैसे झुग्गी झोपड़ी, भट्टा, निर्माणाधीन भवनों इत्यादि पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 48 मोबाईल टीम लगाई गई हैं तथा बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर पोलियो रोधी दवाई पिलाने के लिए 30 टीमें लगाई गई है। हालांकि भारत देश ने पोलियो पर नियंत्रण पा लिया है तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा भारत देश को गत 27 मार्च 2014 को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया है।

# मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन

■ मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति, सभ्यता से छात्राओं को रूबरू करवाना था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

आयोजन कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में/" करवा चौथ/" के अवसर पर मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति, सभ्यता से छात्राओं को रूबरू कराना और उन्हें अपनी संस्कृति, सभ्यता के प्रति प्रोत्साहित करना है। छात्राओं ने अपने कला कौशल का अद्भुत प्रदर्शन करते सभी छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया।

### कृतिका ने पाया पहला स्थान

छात्राओं ने स्वास्तिक, करवा चौथ और लक्ष्मी के प्रतीक चिन्हों को बनाकर भारतीय संस्कृति को मेहंदी के माध्यम से उकेरा । महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील गर्ग ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते बतलाया कि उन्हें महाविद्यालय में होने वाली हर गतिविधि में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए जिससे उनकी बहुमुखी प्रतिभा का विकास हो सके और उन्हें रोजगार के बेहतरीन अवसर प्राप्त हो सके। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी रीनू रानी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत छात्राओं की प्रतिभा को खोजने के लिए होते रहते हैं और छात्राएं भी इस प्रकार के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेती है। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका प्राध्यापिका शीला, डॉ कविता रानी व डॉक्टर रूपेंद्र ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृतिका ने, द्वितीय निकिता व तृतीय स्थान पूनम व मनीषा ने हासिल किया।



जिला युवा महोत्स्व की बैठक को संबोधित करते शूगर मिल के एमडी कृष्ण कुमा।

### जिला युवा महोत्सव में अधिक से अधिक युवक व युवतियों अपनी भागीदारी करें सुनिश्चित : कृष्ण

**कैथल।** शुगर मिल के प्रबंध निदेशक एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी कृष्ण कुमार ने कहा कि 27 व 28 अक्टूबर को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में जिला युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सभी कॉलेज प्रिंसिपल व इंचार्ज इसमें अधिक से अधिक युवक व युवतियों की भागीदारी करवाना सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को भव्यता एवं गरिमा के साथ सम्पन्न करवाएं। महोत्सव को लेकर जारी की गई सभी हिदायतों का शत प्रतिशत पालन किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। शुगर मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार वीरवार को कैथल आईटीआई के सभागार में युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर विभिन्न कॉलेजों व आईटीआई के प्रिंसिपल की बैठक ले रहे थे। उन्होंने बताया कि 15 से 29 वर्ष तक आयु वर्ग के युवक-युवतियां 24 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। सभी आईटीआई में फॉर्म उपलब्ध है। प्रतिभागी को रजिस्ट्रेशन फॉर्म के साथ आधार कार्ड, फैमिली आईडी, फोटो व बैंक खाता की प्रति लाना अनिवार्य हैं। प्रथम आने वाले प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

## रणवीर लोहान ने निकाली शांति महायज्ञ यात्रा

# शहीद जयवीर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

हरियाणा के नारनौंद निवासी वर्तमान मे अमेरिका मे स्थाई निवास करने वाले रणवीर लोहान व उनके भाई डॉक्टर जसबीर लोहान द्वारा शांति महायज्ञ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को दोपहर 12 बजे के आसपास यह यात्रा गांव कितना में पहुंची जहां यारी इंटरनेशनल यु एस ए के चेयरमैन रणवीर लोहान नें किठाना के वीर शहीद जयवीर चहल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी।



किठाना के वीर शहीद जयवीर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते रणवीर लोहान व अन्य

### ये रहे मौजूद

डॉक्टर जसबीर लोहान ने बताया की उन्हें देश से नाम मिला है वह कही भी रहे कुछ भी करे लेकिन भारतीय होने का गर्व उन्हें केवल इस देश की मिट्टी से मिला है। उसी देश व उसकी मिटी के प्रति अपने फर्ज को निभाने के लिए ही यह यात्रा निकाली गई है। जिसमें हर वह व्यक्ति, जिसका कोई अपना विदेश में है व हर सैनिक के परिजनों से उम्मीद है की एक एक मुठी मिट्टी व एक गिलास पानी लेकर शांति महायज्ञ में अवश्य पहुंचे। इस दौरान यारी इंटरनेशनल यु एस ए के चेयरमैन रणवीर लोहान ने किठाना के वीर शहीद जयवीर चहल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

प्रदेश व देश के युवा जो रोजगार की तलाश मे यु एस ए व अन्य देशों मे रहने वाले युवाओं व देश के सैनिक व पूर्व सैनिकों के मान सम्मान को ध्यान मे रखते यह यात्रा निकाल रहे है। उन्होंने बताया कि जिला जींद के रामराये से शुरू होकर 12 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र में यज्ञ के साथ यह यात्रा सम्पन्न होंगी। रणवीर लोहान ने बताया की पिछले कुछ माह में 57 युवाओं के शव अमेरिका से भारत ला चुके है। जिनमें भारी भरकम खर्च आता है लेकिन उनकी संस्था ने किसी का एक भी पैसा नहीं लगने दिया। वही अमेरिका में भी जिस भारतीय को कोई बीमारी या परेशानी होती है,उसका पता लगने पर बेहिचक मदद करते है। उनके व उनकी संस्था के प्रयासों से अनेकों व्यक्ति जो कैंसर की अंतिम स्टेज पर थे वो सो प्रतिशत स्वस्थ होकर अपना जीवन यापन कर रहे है। वही जिन बच्चों को अमेरिका भेजा गया है 500 के लगभग बच्चे अमेरिका जा चुके है, जो बिलकुल सही व वाजिब तरीके से गए है व अपनी पढ़ाई कर रहे है किसी से एक भी पैसा नहीं लिया गया। जो यूनिवर्सिटी व दुतावास की फीस है केवल वही खर्च आया है।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग छात्रवृति योजना में 31 तक करें आवेदन

**कैथल।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सीमा ने बताया कि दिव्यांग छात्रों के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक, प्री-मैट्रिक व टॉप क्लास एजुकेशन स्कोलरशिप योजना चलाई जा रही हैं। जिसके तहत दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान है। इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए छात्रों को पोर्टल पर आवेदन करना होगा। जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित कर गई है।

### डांडिया एवं करवाचौथ कार्यक्रम का आयोजन

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर-पूंडरी की तरफ से सेठ झंडामल धर्मशाला पूंडरी में डांडिया एंड करवाचोथ उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम से हुई। मंच का संचालन शाखा महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने किया। प्रोग्राम के शुरूवात में उन्हें करवाचौथ और त्योहारों के बारे में बताया। उसके बाद म्यूजिकल चेयर, तंबोला, गेस मूवी आदि जैसे गेम्स खेले गए। कुछ महिलाओं ने एकल प्रदर्शन और समूह गिद्दा नृत्य भी किया।

### आर्य समाज ने नशे के खिलाफ छेड़ा अभियान

**कलायत।** बुधवार को गांव खरक पांडवा में आर्य समाज के तत्वावधान में एक जन-जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आचार्य धर्मपाल कालीरमण की देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें आर्य समाज के 150 वर्षों से अधिक पुरानी विरासत और समाज सुधार के प्रयासों पर जोर दिया गया। आचार्य धर्मपाल कालीरमण ने कहा कि आर्य समाज आज भी भारतीय समाज को अंधविश्वास, नशे और जीव हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### महात्मा राजेन्द्र दास को किया याद

**राजौंद।** महात्मा राजेंद्र दास जी की याद में गुरु रविदास जन कल्याण ट्रस्ट व समस्त रविदासिया समाज द्वारा गुरु रविदास आश्रम राजौंद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर प्रोफेसर डॉ जितेंद्र कुमार ने शिरकत की। इस दौरान बच्चों के साथ पूरी संगत को शिक्षा का महत्व बताते हुए डॉ जितेंद्र ने बताया कि तंगी में रहकर भी अपने बच्चों को जरूर शिक्षित करें। शिक्षा से ही बड़े से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दसवीं 12 वीं स्नातक स्नातकोत्तर में 70 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल करने वाले बच्चों को उनके परिवार ने अपनी नेक कमाई में से सम्मानित किया।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर व्याख्यान

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय जींद में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक विशेष व्याख्यान एवं मनोवैज्ञानिक खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य व्याख्यान का संचालन प्रो. मंजीत श्योकंद द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन तथा जीवन में भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की। प्रो. राहुल शर्मा ने मनोवैज्ञानिक खेल करवाए।

### फर्जी पे स्लिप पर लोन लेकर हड़पे 13 लाख

**जींद।** कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर बन कर फर्जी पे स्लिप पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नरवाना से 13 लाख रुपये का लोन लेकर हड़पने का मामला सामने आया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेजों का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नरवाना रेलवे रोड स्थित एसबीआई बैंक मैनेजर रविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कैथल निवासी अमित ने बैंक से 23 जनवरी 2023 को 13 लाख रुपये का लोन लिया था।

---

## फांसी लगाने से पूर्व सोशल मीडिया पर वायरल किया वीडियो, चार लोगों को ठहराया जिम्मेदार

# हत्या के केस में समझौते के नाम पर बीस लाख रुपये देने का दबाव नहीं झेल पाया, फंदे पर झूला

**हत्या के मामले में झूठा फंसाने का आरोप, जेल जाने से अच्छा बताया जान देना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/नरवाना

गांव गुरथली के एक व्यक्ति ने बीती देर शाम फेसबुक पर लाइव आया। भाई को दस वर्षीय तथा सात वषीय बेटी का ख्याल रखने बात कही। फिर बेटे का भविष्य बनाने की बात कह कर फांसी के फदे पर झूल गया। फांसी लगाने से पूर्व मृतक ने अपनी लोकेशन तथा आत्महत्या का कारण बताते हुए चार लोगों को मौत का जिम्मेदार ठहराया। मृतक का कहना था कि उसे हत्या के मामले में उसे झूठा फंसाया जा रहा है। गढ़ी नरवाना पुलिस ने मृतक पत्नी की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





जींद। नागरिक अस्पताल नरवाना में मौजूद ग्रामीणों की भीड़ व गढ़ी थाना प्रभारी एसआई मनोज कुमार ग्रामीणों से बात करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गांव सुरजाखेड़ा के निकट मिला शव

गांव गुरथली निवासी जगतार (28) ने बीती देर शाम गांव सुरजाखेड़ा के निकट रजबाहे पटरी पर पेड़ से फांसी का फंदा लगा कर अपनी जान दे दी। फांसी लगाने से पूर्व वह अपने फेसबुक अकाउंट पर लाइव आया। अपनी बात रखते हुए वीडियो भी बनाई। फिर उसे अपने जानकारों के पास भेज सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। जिसमें चार लोगों को मौत के लिए जिम्मेवार बताया गया।

### बच्चों का ख्याल रखने की भाई से अपील

वायरल वीडियो में मृतक जगतार ने भाई से कहा कि वह उसके दस वर्षीय बेटे तथा सात वर्षीय बेटी का ख्याल रखे ताकि उसके जाने के बाद बच्चो का उनके सिर पर किसी का हाथ न होने का अहसास न हो। उसने अपने बेटे का भविष्य बनाने की बात भी अपने भाई कही। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मरने से पूर्व जगतार ने अपनी लोकेशन बताते हुए कहा कि वह गांव सूरजाखेड़ा के निकट रजबाहा पटरी पर पेड़ से फांसी लगा रहा हूं। जिसके बाद वह बताता है कि गांव का ही राजेश परिवार उसे 21 दिसंबर 2023 में हुई हत्या के मामले में झूठा फंसाना चाहता है। झूठे मामले में जेल जाने से अच्छा है, वह अपनी जान दे दे। वह जेल नही जाना चाहता। वह परेशान हो चुका है।

गांव का ही राजेश, उसकी छोटी बहन धोली, गांव का ही काला, राजेश की बड़ी बहन का पति गांव डाटा निवासी मौत के जिम्मेवार हैं। प्रशासन इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे ताकि कोई निर्दोष न फंसे। गढ़ी नरवाना पुलिस ने मृतक पत्नी की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने सख्त से सख्त कार्रवाई जल्द करने की मांग पुलिस से की है।

#### परिजन मौके पर पहुंचे तो लटका मिला शव

मृतक जगतार द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किए जाने के बाद परिजन तथा जानकार ढूंढते हुए गांव सूरजाखेडा के निकट से गुजरने वाले रजबाहा पर पहुंचे और तलाशा। बताई गई लोकेशन पहुंचे तो जगतार फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। घटना की सूचना पाकर गढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को फांसी के फंदे से उतार पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

#### हाईकोर्ट में लगाई थी याचिका

मृतक की पत्नी नन्ही देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव गुरथली में 21 दिसंबर 2023 को एक युवक की हत्या हुई थी। पुलिस जांच में उसके पति जगतार को क्लीन चिट मिली थी। आरोपितों की याचिका पर कोर्ट ने जगतार को तलब भी किया था। उसके पति ने हाईकोर्ट में अग्रीम जमानत याचिका लगाई हुई थी। जो मंजूर हो गई थी। आरोपित राजेश तथा उसके परिजन बार-बार मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे थे। समझौते के नाम पर बीस लाख रुपये की डिमांड कर रहे थे। जिससे परेशान होकर उसके पति ने आत्महत्या की है।

#### गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन, आश्वासन पर माने

पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को कराने से पूर्व परिजन आरोपितों की गिरफ्तार की मांग पर अड़ गए। परिजनों को कहना था कि जब तक आरोपित नही पकडे जाते, तब तक वे पोस्टमार्टम नही कराएंगे और न ही शव को उठाएंगे। आखिरकार गढ़ी थाना प्रभारी तथा शहर थाना नरवाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीमें भेजी गई हैं। जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने का राजी हुए। गढी थाना प्रभारी मनोज ने बताया कि मृतक की पत्नी की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। आरोपितों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है।

---

## समाधान शिविर में सुनीं जन समस्याएं दिए तत्काल निस्तारण के निर्देश

- लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निपटान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने की। शिविर में जिले के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी। डीसी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिएए ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। बरहाखुर्द निवासी रामेहर ने खेतों में पानी न पहुंचने की समस्या उठाई। अनूपगढ़ की ऊषा ने अपनी वृद्धावस्था पेंशन बनवाने की अर्जी प्रस्तुत की। इन सभी मामलों पर उपायुक्त ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, सीटीएम मोनिका रानी, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



जींद। समाधान प्रकोष्ठ शिविर की अध्यक्षता करते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

## गुरुद्वारा कॉलोनी में सीवरेज व्यवस्था ठप

- गलियों में गंदा पानी होने से बढ़ रही कॉलोनीवासियों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

रोहतक रोड स्थित गुरुद्वारा कालोनी में सीवरेज व्यवस्था पिछले कई दिनों से ठप पड़ी है और यहां गलियों में गंदा पानी भरा हुआ है। इससे आने-जाने में तो परेशानी ही हैए इसके अतिरिक्त बदबू फैलने के साथ.साथ मच्छर भी पनप रहे हैं। इससे यहां लोग बीमार हो रहे हैं। कालोनीवासियों ने बताया कि सीवरेज आवेरफ्लो की समस्या के बारे में जन स्वास्थ्य विभाग में शिकायत दर्ज करवाई जा चुकी है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। इससे लोगों में काफी रोष है। लोगों का कहना है कि सफाई कर्मचारी अच्छे से यहां सफाई नहीं करके जाते। इस कारण बार-बार सीवरेज ओवरफ्लो हो रहा है। पिछले तीन दिन से वर्षा हो रही थी। इस कारण कालोनीवासियों की समस्या और बढ़ गई है। सीवरेज के गंदे पानी से छोटे बच्चे जाने को मजबूर हैं। बुजुर्गों के चोटिल होने का डर बना रहता है।

इसके अलावा रात के समय में कालोनी की गलियों से आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। सीवरेज के गंदे पानी से बदबू फैल रही है। लोगों को नाक बंद कर गलियों से निकलना पड़ता है। अधिकारियों को बारबार समस्या के बारे में अवगत करवाने के बावजूद समाधान नहीं हो रहा है।



जींद। कॉलोनी में सीवरेज व्यवस्था दिखाते हुए कॉलोनीवासी।

#### लोगों की समस्या का होगा समाधान

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ कर्मवीर ने बताया कि रोहतक रोड पर गुरुद्वारा कालोनी में सीवरेज ओवरफ्लो समस्या है तो उसका समाधान करवाया जाएगा। लोगों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। विभाग का प्रयास है कि लोगों को बेहतर सुविधा दी जा सके।

---

## इंडिया गठबंधन लुटेरों का गिरोह : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि इंडिया गठबंधन लुटेरों का एक गिरोह है जो चुनाव के समय लोकसभा हो या विधानसभा पूरे देश में लूट मचाने के लिए इकट्ठे हो जाते हैं और जब लोग इनको हरा देते हैं। फिर अपने-अपने राज्यों में वोट चोरी का आरोप लगाते हैं व संविधान के नाम पर लोगों को गुमराह करते हैं।

कंडेला ने कहा कि नेपाल जैसे देशों में बाहर के देश का हवाला देकर इंडिया में भी अशांति फैलाना चाहते हैं लेकिन आज देश का युवा विकास के पद पर पहुंच रहा है लोग इनकी बातों के झासे में आने वाले नही है। कंडेला ने बिहार के चुनाव पर बोलते हुए कहा कि बिहार में आने वाले विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी, भारतीय जनता पार्टी का एक छोटा सा कार्यकर्ता एक बड़े पद पर भी जा सकता है। यह एक भारतीय जनता पार्टी की मिसाल है। कंडेला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवारवाद व भ्रष्टाचार से गिरी हुई है।



टेकराम कंडेला।

## कार से सौ किलोग्राम डोडापोस्त बरामद राजस्थान से पंजाब ले जा रहे 2 काबू

- नरवाना के रेलवे ओवरब्रिज के निकट कार से किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने नरवाना के रेलवे ओवरब्रिज के निकट कार से सौ किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद कर दो तस्करों को काबू किया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपितों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ को सूचना मिली थी कि पंजाब नंबर होंडा इमेज गाड़ी से डोडा पोस्त को राजस्थान से तस्करी कर पंजाब ले जाया जा रहा है। जिसके आधार पर पुलिसकर्मियों ने पजांब नंबर की गाडिय़ों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद रेलवे ओवरब्रिज के निकट बेलरखां वाले रास्ते पर पंजाब नंबर की गाड़ी खड़ी दिखाई दी। पुलिसकर्मियों ने जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें सात कट्टे भरे दिखाई दिए। जिन्हें जांचने पर उनमें डोडा पोस्त भरा पाया गया। डोडा पोस्त का वजन सौ किलोग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में कार सवार लोगों की पहचान गांव करेल पंजाब निवासी नरेंद्रपाल तथा हरप्रीत के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि डोडा पोस्त को राजस्थान से तस्करी कर पंजाब ले जाया जा रहा था। शिकायत के आधार पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने डोडा पोस्त के साथ पकड़े गए नरेंद्रपाल तथा हरप्रीत के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।



जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

## आईएमटी परियोजना को लेकर डीसी से मिले कई गांवों के किसान



जींद। आईएमटी विषय पर किसानों से बातचीत करते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

**जींद।** आईएमटी परियोजना को लेकर लगभग 12 गांवों के किसान गुरूवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा से उनके कार्यालय में मिले। किसानों ने डीसी के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। डीसी ने कहा कि किसानों को किसी के भी बहकावे में आने की आवश्यकता नहीं है। किसानों की सहमति से ही उनकी भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। किसानों की जो भी मांगे हैं, उन्हें सरकार तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। ई-भूमि पोर्टल पर इच्छुक किसान नए सिरे से जमीन का पंजीकरण करवा सकते हैं और पंजीकरण के साथ-साथ जमीन की कीमत का भी ब्योरा अपलोड कर सकते हैं। किसानों की हर संशाओं को दूर किया जाएगा। जिस भी गांवों में भूमि पंजीकरण की प्रक्रिया होगी तो संबंधित किसानों की सहमति से ही होगी।

---

## कांग्रेस ने भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कोशिश की निंदा की

# सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश लोकतंत्र पर हमला : रिषिपाल

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार से तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की घटना की निंदा की है। उन्होंने इसे न केवल देश की न्याय व्यवस्था पर हमला बताया बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ एक खतरनाक संकेत करार दिया। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के खिलाफ उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। गौरतलब है कि हाल ही में एक वकील ने सर्वोच्च न्यायालय में कार्यवाही के दौरान मुख्य न्यायाधीश की ओर जूता फेंकने की कोशिश की थी। हालांकि सुरक्षा कर्मियों की मुस्तैदी से यह जूता सीजेआई तक नहीं पहुंच पाया लेकिन इस घटना ने पूरे देश में सनसनी फैला दी। सोशल मीडिया से लेकर कानूनी और राजनीतिक हलकों तक इस कृत्य की व्यापक निंदा की जा रही है।



जींद। कांग्रेस कार्यकर्ताओं से रूबरू होते कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर।

#### लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाला प्रयास

कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने गुरुवार को यहां अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं से रूबरू होते हुए कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन माननीय मुख्य न्यायाधीश पर इस प्रकार का हमला निंदनीय ही नही बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करने वाला प्रयास है। यह घटना दर्शाती है कि कुछ तत्व न्याय प्रणाली की गरिमा को ठेस पहुंचाने की साजिश रच रहे हैं। जबकि खासकर वकीलों को समाज में एक आदर्श और मर्यादित भूमिका निभानी चाहिए लेकिन जब कोई वकील इस तरह का शर्मनाक कृत्य करता है तो इससे पूरे विधिक समुदाय की छवि धूमिल होती है। रिषिपाल हैबतपुर ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि वह इस घटना का स्वतःसंज्ञान ले और आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता सहित अन्य सुसंगत कानूनी धाराओं में मुकद्मा दर्ज कर उसे सख्त सजा दिलवाने की दिशा में कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि भारत की न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे निष्पक्ष व्यवस्थाओं में से एक है और इसकी गरिमा को बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन पवन दूहन, जयसिंह, रामप्रसाद सरपंच, बलवंत, डा. राजबीर लोहान, इशाक भट्टी, जेपी रूहील, जसमेर मलिक आदि मौजूद थे।

### प्रशिक्षु पटवारियों ने किया प्रदर्शन

**जींद।** प्रशिक्षु पटवारियों को वेतन व ट्रेनिंग पीरियड को नौकरी में जोड़े जाने की मांग को लेकर पटवारियों ने पटवार भवन में सांकेतिक धरना दिया। धरने के बाद पटवारी लघु सचिवालय परिसर पहुंचे और डीसी के नाम एसडीएम सत्यवान मान को ज्ञापन सौंपा। द राजस्व पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान सूबे सिंह व राज्य कोषाध्यक्ष सन्नी डागर ने छह से आठ अक्टूबर तक पटवारियों ने काली पट्टी लगाकर काम करते हुए रोष प्रकट किया था। वहीं नौ अक्टूबर को सांकेतिक धरना दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर जल्द मांगों को लेकर नोटिफिकेशन जारी नही किया तो पटवारी व कानूनगो काली दिवाली मनाएंगे। उन्होंने कहा कि बार बार केवल आश्वासन मिल रहा है।